# Java Identifier

दोस्तों, जैसा कि आप जानते ही हैं, कि इस real world में किसी भी व्यक्ति अथवा वस्तु की पहचान (identity) उसके name से ही शुरू होती है, इसलिए मेरा, आपका तथा इस real world में जो कुछ भी है, सबका एक name अवश्य  है | ठीक उसी तरह Java में भी है, क्योंकि यह एक **OOPs language** है, जिसे हम real world से relate करते हैं |

## Java Identifier

कोई भी name जिसे Java में identification purpose के लिए use किया जाए, उसे **identifier** कहते हैं| यह name किसी भी प्रकार का हो सकता है जैसे **class name, method name, variable name** अथवा **label name**, **interface name** इत्यादि |

आइए, इसे उदहारण द्वारा समझें |

```
Class Test

{

public static void main (String [ ] args)

{

int x=10;

}

}
```

यहाँ, ऊपर दिए गए program में, कुल 5 identifiers हैं जिन्हे **bold** किया गया है|

**Test:** यह class का name है |

**main:** यह method का name है |

**String**: यह एक pre-defined class name है java में |

**args**: यह array का name है |

**x**: यह variable का name है |

## Identifier को define करने के कुछ नियम:

**1)** Java में केवल **a-z**, **A-Z**, **0-9**, **$** तथा _ का ही उपयोग करके identifier को define कर सकते हैं, इसके अलावा किसी भी अन्य character अथवा symbol का प्रयोग करने पर compile time error प्राप्त होगा |

उदहारण के लिए,

Total_number, total$, $_$_$_$, ca$h यह valid identifier है, जबकि total#, total+, total-, ca#h यह invalid identifier है |

**2)** Identifier के बीच में खाली जगह अर्थात space नहीं होना चाहिए |

उदहारण के लिए,

My_book, my$book, myBook, RajHindiMe, Raj_Hindi_Me यह सभी valid identifier है, जबकि my book यह invalid identifier है, क्योकि यहाँ my तथा book के बीच में space है |

**3)** identifier कभी भी digit अर्थात number से शुरू नहीं हो सकते |

उदहारण के लिए,

total123, total123number यह valid identifier है, जबकि 123total, 123nubmer यह invalid identifier है |

**4)** Identifier, case sensitive होते हैं ,क्योकि जावा खुद एक case sensitive programming language है |

यहाँ number, Number, NUMBER तीनों को अलग-अलग differentiate किया जा सकता है |

**5)** Java में identifier कि कोई length limit नहीं होती, परन्तु बहुत lengthy  identifier से बचना चाहिए, क्योकि इससे code की readability कम ही जाती है |

**6)** reserve words को Java identifier के रूप में use नहीं कर सकते |

उदहारण के लिए,

int x=10 valid है, जबकि int if=10 invalid है |

**7)** सभी predefined class तथा interface को identifier के रूप में use किया जा सकता है |

उदहारण के लिए,

int String=777 तथा int Runnable=555 दोनों ही valid है |

यद्यपि predefined class तथा interface का use करना valid है, फिर भी अच्छी programming practice के लिए इनका use नहीं करना चहिए. क्योकि इससे code की readability कम तो होती ही है, साथ ही साथ confusion भी create होता है |